


## एक नजर में



### जलगंगा संवर्धन में उज्जैन निगम प्रथम

**उज्जैन।** जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन अवसर पर जिला खंडवा में आयोजित मुख्य समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 10 नगरीय निकायों को मध्य प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पुरस्कृत किया। जिसके क्रम में 1 लाख से 10 लाख तक की आबादी वाले शहरों में उज्जैन नगर निगम के प्रथम आने एवं जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विभिन्न घटकों में सराहनीय कार्य करने पर सम्मानित किया गया। पुरस्कार महापौर मुकेश टटवाल एवं निगम आयुक्त आशीष सिंह द्वारा ग्रहण किया गया। जनगंगा अभियान में उज्जैन नगर निगम को 1 लाख से 10 लाख तक की आबादी वाले शहरों में प्रथम स्थान प्राप्त होने पर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण नगर निगम मुख्यालय स्थिति अटल बिहारी वाजपेयी सभागृह में निगम आयुक्त कलावती यादव के मुख्य आतिथ्य एवं एमआईसी सदस्य दुर्गा शक्ति सिंह चौधरी, शिवेंद्र तिवारी, झोन अध्यक्ष सुशील श्रीवास, पार्षद हेमंत गहलोत, गजेंद्र हिरवे, गब्बर भाटी, अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह, अपर आयुक्त वित्त पुनीत शुक्ला उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल, मनोज मौर्य, संजेश गुप्ता की उपस्थिति में किया गया। खण्डवा में आयोजित कार्यक्रम में नगर निगम उज्जैन को पुरस्कार प्राप्त होने पर निगम अध्यक्ष कलावती यादव ने समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों को बधाई दी गई। इस दौरान सहायक आयुक्त प्रदीप सेन, राघवेंद्र सिंह पलिया, रविकांत मगरदे, घनश्याम मेचार, प्रवीण मुकाती, पवन कुमार फुलफकीर, जनसम्पर्क अधिकारी पवन कुमार एवं नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

### भीलवाड़ा में मोक्ष धाम का निरीक्षण



**उज्जैन।** महापौर मुकेश टटवाल द्वारा रविवार को भीलवाड़ा के पंचमुखी और गांधीनगर के मोक्षधाम का निरीक्षण भीलवाड़ा के महापौर राकेश पाठक की उपस्थिति में किया गया। महापौर मुकेश टटवाल द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि भीलवाड़ा के मोक्ष धाम का संचालन समिति बनाकर किया जाता है एवं मोक्ष धाम के बगीचे, शेड, पेयजल एवं साफ सफाई भी बेहतर है साथ ही गरीब व्यक्तियो के लिए यहां के मोक्षधाम में निशुल्क रूप से लकड़ी एवं कंडे की व्यवस्था की जाती है। भीलवाड़ा के मोक्ष धाम में कई प्रकार की ए`सी व्यवस्थाएं हैं जिन्हें उज्जैन के चक्रतीर्थ पर अपनाया जा सकता है। भीलवाड़ा के नगर निगम द्वारा मोक्षधाम पर जो समिति बनाई गई है उसमें सहयोग किया जाता है यहां पर समाजसेवी संस्थाओं, वरिष्ठ नागरिकों एवं सेवानिवृत्ति व्यक्तियों द्वारा साफ सफाई, वृक्षारोपण का जिम्मा संभाला जाता है साथ ही यहां पर वाटर हार्वेस्टिंग का बहुत बड़ा प्लांट है जिससे मोक्ष धाम का एक भी बूंद पानी व्यर्थ ना बहकर सीधे वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम में ही जाता है जिससे यहां जमीन का जल स्तर भी बहुत अच्छा है। निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य प्रकाश शर्मा, सत्यनारायण चौहान, शिवेंद्र तिवारी, कैलाश प्रजापत, डॉ. योगेश्वरी राठौर उपस्थित रहे।



### सेवानिवृत कर्मचारियों का सम्मान

**उज्जैन।** नगर निगम परिवार में अपना सेवाकाल पूर्ण कर चुके कर्मचारियों का नगर निगम द्वारा सेवानिवृत सम्मान समारोह सोमवार को नगर निगम मुख्यालय में गरिमामय रूप से आयोजित करते हुए सेवानिवृत हो रहे कर्मचारियों का शाल, श्रीफल, भगवत गीता, प्रशस्ति पत्र एवं पुष्पमाला भेंट करते हुए सम्मान किया गया एवं सेवानिवृत्ति के पश्चात स्वस्थ एवं सुखी जीवन की शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर सेवानिवृत होने वाले कर्मचारी सुरेश डागर सहायक वर्ग 2 लेखा विभाग, दिनेश गुर्जर सहायक राजस्व निरीक्षक संपत्ति कर जोन क्रमांक 4, परमानंद रघुनाथ स्वास्थ्य विभाग, अब्दुल हमीद पिता आदम सफाई संरक्षक, सागर बाई पति लड्डू सफाई संरक्षक, भागीरथ पिता घासीराम पंप अटेंडेट पीएचई विभाग, रमेश पिता बृजलाल पंप अटेंडेंट पीएचई विभाग, सुशीला बाई पति मानसिंह पीएचई विभाग के सेवानिवृत होने पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य डॉ. योगेश्वरी राठौर, अपर आयुक्त वित्त पुनीत शुक्ला, उपायुक्त मनोज मौर्य, सहायक आयुक्त राघवेंद्र सिंह पालिया, रविकांत मगरदे, घनश्याम मेचार, प्रवीण मुकाती, पवन कुमार फुलफकीर, संपत्ति कर विभाग के अधिकारी सुनील जैन, कर्मचारी संघ से डॉ. पवन व्यास, नितिन मुसले, रमेश रघुवंशी एवं नगर निगम के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### गंदगी पाए जाने निगम ने किया जुर्माना

**उज्जैन।** आयुक्त आशीष पाठक के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अमले द्वारा निरंतर गंदगी करने, कचरा फैलाने एवं प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग करने वालों पर निरंतर कार्यवाही करते हुए जुर्माना वसूला जा रहा है तथा समझाईश दी जा रही है। इसी क्रम में सोमवार को स्वास्थ्य अधिकारी आनंद विजय सिंह राठौर द्वारा स्वास्थ्य निरीक्षक अजय दावरे के साथ नागझिरी क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। इस दौरान जोधपुर मिष्ठान भण्डार में गंदगी पाए जाने एवं प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग पाए जाने पर राशि रुपए 10 हजार का जुर्माना किया गया। इसी प्रकार अन्य झोन अन्तर्गत भी कार्रवाई करते हुए 7500 का जुर्माना वसूला गया। वहीं नगर निगम उद्यान विभाग द्वारा वार्ड क्रमांक 38 स्थित अमर सिंह मार्ग फ्रीगंज पर सुशीला जोशी द्वारा बिना अनुमति लिए केसिया प्रजाति के वृक्ष को अवैध रूप से काटने पर नगर पालिक निगम उज्जैन द्वारा राशि रुपए दस हजार का जुर्माना लगाया गया। नगर निगम आयुक्त आशीष पाठक द्वारा उद्यान विभाग के प्रभारी अधिकारी एवं उद्यानों का रखरखाव करने वाले दरोगाओं को निर्देशित किया गया है कि यदि कोई भी अवैध रूप से वृक्ष कटाई करते पाया जाए या सूचना मिले तो संबंधित पर सख्त कार्रवाई करते हुए जुर्माना लगाया जाए।

### सिंधी ड्रामा प्रशिक्षण शिविर आज से

**उज्जैन।** सिन्धू प्रवाह अकादमी द्वारा राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद नई दिल्ली एवं सिन्धू जागृत समाज उज्जैन के सहयोग से हा मां सिन्धी आह्यां कार्यक्रम के अंतर्गत आज 1 जुलाई से वरिष्ठ रंगकर्मी कुमार किशन के निर्देशन में एक माह तक सिंन्धी ड्रामा ट्रेनिंग केम्प गुरु गोकुल कला मंडप माधव क्लब रोड़ में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक महेश परियानी एवं गोपाल बलवानी ने बताया कि अकादमी द्वारा आयोजित इस केम्प में 8 वर्ष से बड़ी उम्र के बच्चों को रंगकर्म के विभिन्न आयामों के साथ अभिनय की बारीकियों का प्रशिक्षण प्रतिदिन शाम 7.30 से रात्रि 9 बजे तक दिया जाएगा। इस ट्रेनिंग कैंप में तैयार किए गए नाटक का मंचन उज्जैन में पहली बार 2 और 3 अगस्त को होने जा रहे सिंधी बाल नाट्य समारोह में किया जाएगा। केम्प में भाग लेने वाले बच्चों और दर्शकों को प्रोत्साहन कूपन के माध्यम से 2 और 3 अगस्त को एक लैपटॉप, चार स्मार्ट वॉच और पांच स्कूल बैग जीतने का मौका दिया जाएगा। हा मां सिन्धी आह्यां कार्यक्रम समिति की डॉ. पल्लवी किशन, पुष्पा कोटवानी, चिमनदास लखानी, राजकुमार परसवानी, लोकेश भागचंदानी, प्रताप रोहरा, डॉ. सुनील खत्री, महेश गंगवानी, हर्षिता धनवानी, नीलम खत्री, रमेश गजरानी आदि ने समाज जनों से इस केम्प में अधिक से अधिक भाग लेने का आव्हान किया है।

## स्कूल संचालक एक स्थान से शैक्षणिक सामग्री खरीदने के लिए बाध्य न करें

### कलेक्टर ने समयावधि पत्रों की समीक्षा करते हुए दिए निर्देश, प्रियांशी ने जीता गोल्ड, उज्जैन में निकला विजय जुलूस, मुख्यमंत्री ने दी बधाई

**उज्जैन। किसी एक दुकान से शैक्षणिक सामग्री खरीदने के लिए छात्र-छात्राओं को या उनके पालकों पर स्कूल संचालक दबाव न बनाएं, यह सुनिश्चित करें कि किसी पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ न आये। साथी शहर में मवेशी नहीं दिखना चाहिए। गाय और अन्य पशुओं के लिए भरपूर चारे की व्यवस्था हो और उन्हें गौशाला में छोड़े। सीएम हेल्पलाइन का भी तुरंत निराकरण करें। उक्त आदेश उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने अधिकारियों को टीएल की बैठक में अधिकारियों को दिए।**





कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने सोमवार सुबह सम्राट विक्रमादित्य प्रशासनिक संकुल भवन के कलेक्टर कार्यालय सभागृह में समयावधि पत्रों की समीक्षा की। समीक्षा में कलेक्टर ने जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन कार्यक्रम का लाइव प्रसारण ग्राम पंचायत स्तर से जिला स्तर तक जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कृषि विभाग की जिले की एकीकृत कार्य योजना पर चर्चा की गई। इसके पश्चात जिले में यूरिया, डीएपी, एनपीके उर्वरकों के स्टॉक की समीक्षा कर जिले और सभी तहसीलों में खाद का पर्याप्त मात्रा में स्टॉक मेंटेन करने के निर्देश दिए। सभी समितीयों को अपने कार्यालयों पर फ्लेग्स लगाकर किसानों को एनपीके और नैनों यूरिया की उपयोगिता के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार कलेक्टर ने बैठक में स्वास्थ्य विभाग को जन्म, मृत्यु पंजीकरण, आईएमआर, एमएमआर, कुपोषण और एनिमिया मे कमी लाने के लिए जिला स्तर पर कार्ययोजना बनाकर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए पशु पालन विभाग को निर्देश दिए की हाईवे और सड़कों पर मवेशी ना रहे इसका विशेष ध्यान रखा जाए। सड़क पर पाए जाने वाले मवेशियों को गौशाला में छोडा जाए और उनके चारा आदि का प्रबंध करे। बैठक में पीएम विश्वकर्मा योजना अंतर्गत की गए कार्यो की समीक्षा भी की गई। बैठक के अंत में कलेक्टर द्वारा एनपीए अकाउन्ट संबंधित कार्यों में अच्छा प्रदर्शन करने पर तहसीलदार अर्चना गुप्ता, रुपाली जैन को पुरस्कृत किया गया।

### 50 दिन से अधिक लंबी शिकायतों का निराकरण

कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन शिकायत निराकरण की विभागवार समीक्षा कर जिले की प्रगति की जानकारी ली। कलेक्टर ने सभी विभागों की 50 दिन से अधिक लंबित शिकायतों के निराकरण पर विशेष ध्यान देकर त्वरित शिकायत निराकरण करने के आदेश दिए। कलेक्टर ने सीएम डेशबोर्ड अंतर्गत विभागों की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में समग्र ई-केवाईसी के कार्य प्रगति की समीक्षा कर कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा की। शिक्षा विभाग द्वारा नवीन सत्र में किए जा रहे इनरालमेंट के कार्य, आपार ऐंट्री के कार्यों की समीक्षा कर शत प्रतिशत इनरोलमेंट के कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशनुसार शिक्षा विभाग के अधिकारी सभी छात्रों को पुस्तक वितरण समय से करवाना सुनिश्चित करे। सभी स्कूलों को निर्देशीत करे स्कूल की सामग्री, ड्रेस आदि किसी एक दुकान से खरीदने के लिए पालकों को बाध्य ना किया जाए।

### प्रियांशी ने जीता गोल्ड, किया गौरवांवित



उज्जैन की प्रियांशी ने वियतनाम में कुश्ती की एशियाई चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल प्राप्त किया इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रियांशु और उनके परिवार को बधाई दी। उज्जैन जिला खेल अधिकारी ने जानकारी दी कि उज्जैन निवासी बालिका प्रियांशी पिता मुकेश बाबूलाल प्रजापति ने एशियाई चैंपियनशिप कुश्ती में वियतनाम में गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रियांशी को शुभकामनाएं दी हैं। जिनमें 2018 में अंडर 15 में जापान में चौथा स्थान प्राप्त किया। जूनियर 2022 में वर्ल्ड चैंपियनशिप बुल्गारिया में तीसरा स्थान प्राप्त किया। जूनियर में ही 2023 में जॉर्डन एशियाई चैंपियनशिप में तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रियांशी आगामी 29 जुलाई को आयोजित होने वाली 53 किलो वर्ग में रैंकिंग सीनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप तुर्की में जाएंगी व दल का प्रतिनिधित्व करेंगी। प्रियांशी प्रजापत आज उज्जैन पहुंची तो उनका विजय जुलूस निकाला गया। भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस से लेकर सभी राजनीतिक दलों और समाजसेवियों, गण्यमान नागरिकों ने प्रियांशी प्रजापत का हार फूल मालाओं से स्वागत किया।

## मक्सीरोड पर बाइक और डंपर में भिड़ंत, दो की मौत

### परिवार की एक महिला गंभीर घायल, बाइक पर सवार थे चार

**उज्जैन। मक्सी रोड पर सोमवार दोपहर बाइक और डंपर के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में बाइक पर सवार सालभर के मासूम और उसके 18 वर्षीय चाचा की मौके पर मौत हो गई। मासूम की दादी गंभीर रूप से घायल हुई है वही मां को मामूली चोट लगी थी।**

पंवासा थाना पुलिस ने बताया कि मक्सी रोड के ग्राम पाटपाला में बाइक और डंपर के बीच भिड़ंत होने की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। दुर्घटना काफी भयावह थी। मौके पर सालभर के बच्चे और एक युवक की मौत हो चुकी थी। एक वृद्ध महिला घायल हालत में पड़ी थी वहीं पास में मासूम बच्चे को लेकर एक महिला बिलख रही थी। पूछताछ करने पर सामने आया कि परिवार सुनवानी गोपाल विजयागंज मंडी का रहने वाला है। तत्काल ही परिजनों को सूचना दी गई और मृतकों के साथ घायल को चरक अस्पताल पहुंचाया गया। परिजनों के आने पर सामने आया कि मृतको में शामिल गोविंद पिता गंगाराम 18 वर्ष और उसका भतीजा लव पिता पंकज 1 साल है। घायल महिला तेजूबाई पति गंगाराम है। जिसकी हालत गंभीर होने पर परिजन निजी अस्पताल ले गए थे। परिजनों ने बताया कि दुर्घटना में मृत मासूम की मां की किरण पति पंकज को मामूली चोट लगी है। सभी एक बाइक पर सवार होकर देवास गेट बस स्टैंड से अपने गांव लौट रहे थे। पुलिस के अनुसार दुर्घटना के बाद चालक डंपर छोड़कर भाग निकला था जिसे जप्त किया गया है। डंपर राजस्थान पासिंग है नंबर के आधार पर चालक की तलाश की जा रही है।

### डूब रहे युवकों को एसडीआरफ के जवान ने बचाया



उज्जैन। 30 जून को सुबह 6.30 के करीब पचोर जिला गुना आए श्रद्धालु रोहित स्नान के दौरान एकाएक गहराई में चले गए और डूबने लगे। जिसे देख उनके साथी अभिषेक ने उन्हें बचाने का प्रयास किया। परंतु अभिषेक को तैरना नहीं आता था इसलिए वह भी गहराई में डूबने लगा। इसी दौरान घाट पर स्नान कर रहे अन्य श्रद्धालुओं ने मदद के लिए जवानों को पुकारा और एसडीआरएफ जवान श्याम सिंह चावड़ा एवं दीपक सोनी ने नदी डूब रहे दोनों युवकों को गोता लगाकर सुरक्षित बाहर निकाला। जिला कमांडेंट संतोष जाट ने बताया वर्तमान में क्षिप्रा नदी के बढ़े हुए जलस्तर को दृष्टिगत रखते हुए रामघाट पर पूर्व से तैनात जवानों के साथ-साथ डीजी एवं डिवीजन रिजर्व के 20 अतिरिक्त जवानों की तैनाती भी रामघाट पर की गई है। जवानों के द्वारा किए गए इस सराहनीय कार्य के लिए नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया जाएगा।

## तराना में मोबाइल चुराने के बाद 79 हजार का किया था ट्रांजेक्शन

### तलाश के बाद पकड़ाया कर्मचारी



**उज्जैन। ऑनलाइन दुकान पर काम करने वाले कर्मचारियों ने दुकान संचालक का मोबाइल चोरी कर लिया और ऑनलाइन 79 हजार रुपए अपने खाते में ट्रांसफर कर लिए। वारदात को अंजाम देने के बाद लापता हो गया था चार दिन की तलाश के बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा है।**

तराना टीआई रामनारायण सिंह भदौरिया ने बताया कि 24 जून को ग्राम भडसिम्मा के रहने वाले भारत पिता जसवंत सिंह पवार ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसका मोबाइल चोरी हो गया है। जिसके माध्यम से 79 हजार का ट्रांजैक्शन भी कर लिया गया है। भारत सिंह ने बताया कि वह ऑनलाइन दुकान संचालित करता है दुकान पर ही काम करने वाला गोवर्धन पिता अंतरसिंह मालवीय लापता है जिस पर मोबाइल चोरी और ट्रांजेक्शन की शंका है। टीआई भदोरिया के अनुसार संदेही गोवर्धन की तलाश शुरू की गई जो घर से लापता होना सामने आया। मामले में धारा 306 का प्रकरण दर्ज कर एक टीम उसकी तलाश में लगा दी गई। चार दिन बाद उसे गिरफ्तार किया गया और पूछता शुरू की गई। आरोपी गोवर्धन के पास से चोरी किया गया मोबाइल बरामद हो गया। उसे न्यायालय में पेश कर एक दिन की रिमांड पर लिया गया और ट्रांजेक्शन की गई राशि में से 70 हजार रुपए बरामद कर लिए गए। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि लालच में उसने चोरी को अंजाम दिया था। टीआई भदोरिया ने बताया कि मामले का खुलासा करने में एएसआई उपेन्द्रसिंह यादव, आरक्षक आनंद, सैनिक राहुल का सराहनीय योगदान रहा। रिमांड खत्म होने पर आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है उसका आपराधिक रिकॉर्ड होना सामने नहीं आया है।

## नाबालिग के पास मिले अवैध शराब के 300 क्वार्टर

### नानाखेड़ा पुलिस ने बाइक जब्त कर दर्ज किया प्रकरण

**उज्जैन। शहर में शराब पर प्रतिबंध लगने के बाद अवैध परिवहन और कारोबार होता दिखाई दे रहा है। बीती रात पुलिस ने नाबालिग को पकड़ा जिसके पास से देसी शराब के 300 क्वार्टर बरामद किए गए। नाबालिग के खिलाफ आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज कर पूछताछ की जा रही है।**

नानाखेड़ा थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि तपोभूमि के आगे देवास बदनावर मार्ग के पास बने किंगफिशर ढाबे के रास्ते बाइक सवार आने वाला है जिसके पास अवैध शराब है। पुलिस में तत्काल ही घेराबंदी की, बाइक सवार आता दिखाई दिया इसके पिछले हिस्से में दो बड़े थैले लटके हुए थे। संदेह के आधार पर पुलिस ने उसे रोका और थेलों की तलाशी ली। जिसमें देसी शराब के 300 क्वार्टर भरे होना सामने आए। पूछताछ करने पर युवक नाबालिग होना सामने आया और ग्राम पंथपिपलाई का रहने वाला बताया। पुलिस ने अवैध शराब परिवहन करने के मामले में उसे गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज करते हुए बाइक जब्त कर ली। आज नाबालिक को न्यायालय में पेश कर बाल संरक्षण गृह भेजा जाएगा। विदित हो कि 1 अप्रैल से धार्मिक नगरी में शराब पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। नगर निगम सीमा से सभी दुकानों को बाहर कर दिया गया है। शराब प्रतिबंध के बाद शहरी सीमा में अवैध कारोबार होता दिखाई दे रहा है। लेकिन पुलिस सूचना मिलते ही अवैध शराब मामलों में शामिल लोगों की धरपकड़ कर रही है। वहीं शहर में खुले रूप से सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वालों को भी पकड़ा जा रहा है।

### चुराई सोलर प्लांट की 14 सौ मीटर केबल

उज्जैन। नागदा थाना क्षेत्र के पुष्ठा फैक्ट्री के सामने लगे सोलर प्लांट ब्लॉक नंबर चार की 1400 मीटर कॉपर की केबल 27 जून की रात अज्ञात बदमाश काट कर ले गए। सोलर प्लांट की सप्लाई व्यवस्था बाधित होने पर कर्मचारी राजेंद्र पिता गोकुल सिंह राठौर निवासी ग्राम मकला बिरलाग्राम चेक करने पहुंचा तो केबल कटी होकर गायब होना सामने आई। राजेंद्र राठौर ने मामले की शिकायत नागदा थाने पहुंचकर दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे देखे जा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में केबल चोरी करने वाला गिरोह सक्रिय दिखाई दे रहा है। पूर्व में भी कई खेतों और बिजली विभाग की केबल चोरी होने के मामले सामने आ चुके हैं। 13 जून को भाटपचलाना पुलिस ने कुछ बदमाशों को पकड़ा था जो बिजली विभाग द्वारा डाली जा रही हाईटेंशन लाइन की एल्युमिनियम केबल की चुरा कर ले गए।


### चुराई सोलर प्लांट की 14 सौ मीटर केबल

उज्जैन। नागदा थाना क्षेत्र के पुष्ठा फैक्ट्री के सामने लगे सोलर प्लांट ब्लॉक नंबर चार की 1400 मीटर कॉपर की केबल 27 जून की रात अज्ञात बदमाश काट कर ले गए। सोलर प्लांट की सप्लाई व्यवस्था बाधित होने पर कर्मचारी राजेंद्र पिता गोकुल सिंह राठौर निवासी ग्राम मकला बिरलाग्राम चेक करने पहुंचा तो केबल कटी होकर गायब होना सामने आई। राजेंद्र राठौर ने मामले की शिकायत नागदा थाने पहुंचकर दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे देखे जा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में केबल चोरी करने वाला गिरोह सक्रिय दिखाई दे रहा है। पूर्व में भी कई खेतों और बिजली विभाग की केबल चोरी होने के मामले सामने आ चुके हैं। 13 जून को भाटपचलाना पुलिस ने कुछ बदमाशों को पकड़ा था जो बिजली विभाग द्वारा डाली जा रही हाईटेंशन लाइन की एल्युमिनियम केबल की चुरा कर ले गए।


**महाकाल सवारी** — कलेक्टर ने कहा व्यवस्था की दृष्टि से जरूरी, उज्जैन में निजी व सरकारी दोनों स्कूलों पर लागू होगा नियम

## रविवार को खुलेंगे स्कूल और श्रावण सोमवार को सवारी की छुट्टी

नवभारत न्यूज

**उज्जैन। श्रावण मास में महाकाल की सवारियों के चलते उज्जैन में रविवार को स्कूल लगेंगे और सोमवार को छुट्टी रहेगी। उज्जैन कलेक्टर रोशन सिंह ने कहा है कि ऐसा व्यवस्था की दृष्टि से किया जा रहा है। ये नियम निजी व सरकारी दोनों स्कूलों में लागू होगा।**

11 जुलाई से श्रावण मास शुरू हो रहा है। 14 जुलाई को पहली सवारी निकलेगी। स्कूलों में छुट्टी का नियम पहली से 12वीं तक लागू होगा। श्रावण मास में उमड़ने वाली लाखों भक्तों की भीड़ के चलते सवारी मार्ग पर प्रशासन व पुलिस को रास्ते बंद करना पड़ते हैं। ऐसे में स्कूली बच्चों को परेशानी न आए व आम श्रद्धालुओं की सुविधा भी बनाई जा सके। इसलिए सोमवार को स्कूल बंद रखने का निर्णय लिया गया है। उज्जैन कलेक्टर रोशन सिंह ने इस संबंध में मौखिक आदेश दिए है। स्कूल शिक्षा विभाग इस संबंध में जल्द लिखित आदेश में जारी कर देगा। महाकाल की पहली सवारी 14 जुलाई, दूसरी सवारी 21 जुलाई, तीसरी सवारी 28 जुलाई, चौथी सवारी 4 अगस्त, भादो मास में पांचवीं सवारी 11 अगस्त को रहेगी इस दौरान रविवार को स्कूल लगेंगे और सोमवार को छुट्टी रहेगी। छठे व आखिरी सोमवार 18 अगस्त को रविवार की छुट्टी के अलावा 18 अगस्त सोमवार को भी शासकीय अवकाश रहेगा।

### महाकाल मंदिर समिति ने किया सेवानिवृत्त कर्मचारी का सम्मान



महाकाल मंदिर में समिति के अंतर्गत लगभग 300 कर्मचारी विभिन्न इकाइयों में कार्यरत है। इसमें शामिल कर्मचारी मांगीलाल पुरोहित का सेवा कार्य हाल ही में समाप्त होने पर सोमवार को समिति द्वारा उनका सेवानिवृत्ति पर कार्यालय में सम्मान किया गया। पुरोहित के जून 2025 में अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर लेने के कारण उन्हें समिति ने नियम अनुसार सेवानिवृत्त किया। इस अवसर पर स्थापना प्रभारी मोहित ठाकुर ने उनके कार्यकाल के संबंध में जानकारी प्रदान की। समिति के सहायक प्रशासक मूलचंद जुनवाल व सहायक प्रशासनिक अधिकारी आरके तिवारी ने उनका शाल, भगवान महाकाल का चित्र, प्रसाद देकर सम्मान किया। समिति के निरंजन जूनवाल, निर्मल सांखला, गीता शर्मा, योगेश गहलोत, विनायक घाडगे उपस्थित थे।

### आयुष्मान कार्ड एवं आधार शिविर सम्पन्न

**उज्जैन।** सेवाधाम आश्रम, उज्जैन में राजेश कुमार गुप्ता प्रधान जिला न्यायाधीश उज्जैन के आदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आश्रम में निवासरत दिव्यांग, बहु दिव्यांग, बिस्तरग्रस्त बच्चों, युवाओं एवं बुजुर्ग स्त्री पुरुषों को शासन की योजनाओं का लाभ मिले इस हेतु शिविर आयोजित किया गया। शुभारंभ सद्गुरू रणछोड़दास महाराज चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। सुधीर भाई ने बताया यह शिविर जागरूकता दिवस के अवसर राजेश कुमार गुप्ता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधि सेवा प्राधिकरण उज्जैन द्वारा शासन की योजनाओं का लाभ कैसे प्राप्त हो। शिविर में 600 समग्र पोर्टल के लाभार्थी पात्र हुए एवं नवीन 29 आयुष्मान कार्ड बनाए गए। इस अवसर पर 25 से अधिक जिला विधि सेवा प्राधिकारण, आंगनवाड़ी आदि ने शिविर को सफल बनाने में सहयोग प्रदत्त किया। प्रशासन ने आशवस्त किया कि आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य निरंतर जारी रहेगा।